हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

11 प्राकृतिक सामग्री से रंगोली बनाकर पर्यावरण ...



12 ज्ञानेश कुमार को हटाने को लेकर सड़कों पर उतरी ...



GEETA NIKETAN COLLEGE OF NURSING
Recognised by HNRC Panchkula (Govt. of Haryana) Affiliated by Pt. B.D. Sharma U.H.S. Rohtak
REGISTRATION OPEN
Session 2026-27
AC HOSTEL Facility Available
P.B. B.Sc. NURSING
2 Years GNM Pass
GNM
3 Years 12th Any Stream
No Fees for S.C. Students
ANM
2 Years 12th Any Stream
No Fees for S.C. Students
B.Sc. NURSING
4 Year | 10+2 (Medical)
Loharu Road, Charkhi Dadri M. 9812538777, 9034669933



खबर संक्षेप

युवक के कब्जे से 12.41 ग्राम हेरोइन बरामद

भिवानी। पुलिस सीआईए स्टाफ-2 की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 12.41 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ-2 के उप निरीक्षक अजय कुमार पुलिस टीम के साथ बापोड़ा चौक पर ड्यूटी पर थे। इसी दौरान विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली कि एक व्यक्ति चारा मंडी गेट के सामने हेरोइन बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर नियमानुसार छापेमारी कर युवक को काबू कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुरजीत निवासी नया बाजार, भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12.41 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की है।

सेपक टकरा प्रतियोगिता का आगाज कल से

चरखी दादरी। हरियाणा सेपक टकरा एसोसिएशन के तत्वावधान में 10 और 11 अक्टूबर को स्कोलर वर्ल्ड स्कूल, बिरहीकलां में 23वीं सीनियर हरियाणा राज्य सेपक टकरा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अमेच्योर सेपक टकरा एसोसिएशन चरखी दादरी के प्रधान मास्टर संतकुमार और प्राचार्य बिजेंद्र सांगवान ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के 20 जिलों की पुरुष और महिलाएं टीम पहुंचने की सम्भावना है। इसी दौरान आगामी सीनियर राष्ट्रीय सेपक टकरा प्रतियोगिता के लिए हरियाणा टीम का चयन भी किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। कोषाध्यक्ष शमशेर सिंह रंगा ने बताया कि प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को ठहरने व भोजन की व्यवस्था आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

ढाई किलो अनाज पचाने की गोवंश की क्षमता, ज्यादा खाने से होती है मौत

श्राद्ध अमावस्या कल, गोवंश को गुड़ व हरा चारा खिला बनें पुण्य के भागी

गली-मोहल्ले में खड़ी गोवंश को रोटी खिलाने से लग सकता है गोहत्या का पाप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



श्राद्ध अमावस्या पर हर व्यक्ति अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए दान पुण्य करता हैं। 10 अक्टूबर को श्राद्ध अमावस्या हैं, जिसका हिंदू धर्म में विशेष महत्व हैं, लेकिन श्राद्ध अमावस्या पर लोग जाने-अनजाने में गोवंश को तला हुआ एवं क्षमता से अधिक अनाज खिलाकर पुण्य की बजाय पाप के भागी बन जाते हैं और उन्हें गोहत्या का पाप भी लगता हैं।

चिकित्सकों व गोरक्षकों के अनुसार श्राद्ध अमावस्या पर गली-मोहल्ले में खड़ी गोवंश को रोटी देने की बजाय गोशाला में रोटियां दें, ताकि गोशाला की सभी गायों को बांटकर खिलाई जा सकें। पशु चिकित्सकों एवं गोरक्षकों के अनुसार एक गोवंश की ढाई किलोग्राम कच्चा एवं पक्का अनाज पचाने की क्षमता होती हैं, इससे ज्यादा खाने से तेजाब, गैस व अफारा आकर गोवंश की मौत हो जाती हैं, क्योंकि गोवंश व अन्य जुगाली करने वाले पशुओं का पाचन तंत्र प्राकृतिक रूप से घास एवं चारा पचाने के लिए बना है, अनाज पचाने के लिए नहीं। पशु चिकित्सकों व गोरक्षकों ने लोगों से आह्वान किया कि गोवंश को अधिक मात्रा में कच्चा व पक्का अनाज खिलाकर गोवंश की हत्या का पाप के भागी न बने, गोशालाओं में जाकर रोटियां या हरा चारा डालें ताकिहर वर्ष की भांति गोवंश की मौत होने से बच सकें। पशु चिकित्सकों का कहना है कि गोवंश को हलवा पूरी खिलाने की बजाय हरा चारा व गुड़ खिलाना अच्छा है।

हर साल श्राद्ध अमावस्या पर होती 20 से 25 गोवंश की मौत

गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि हर साल श्राद्ध अमावस्या पर 20 से 25 गोवंश होती हैं, जिसका मुख्य कारण गोवंश को तला हुआ एवं क्षमता से अधिक कच्चा व पक्का अनाज खिलाना हैं। हर साल गोरक्षा दल, नगर परिषद व जिला प्रशासन मिलकर जागरूकता अभियान चलाते हैं कि श्राद्ध अमावस्या पर गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ भोजन गली मोहल्ले में खड़ी गोवंश को न खिलाएं, इसके बावजूद लोग अपने पितरों की शांति के लिए श्राद्ध अमावस्या पर गोवंश को रोटी पे रोटी व पूरी, हलवा व खीर खिलाकर पुण्य के भागी बनने का प्रयास करते हैं, लेकिन क्षमता से अधिक अनाज खाने से गोवंश की मौत हो जाती हैं और उनकी मौत के जिम्मेदार वो पुण्य कमाने वाले लोग होते हैं, जो बार बार समझाने पर भी जागरूक नहीं होते।

टिप्पर गाड़ियां लोगों को करेंगी जागरूक

नप के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि शहर में कॉलोनियों की गलियों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली नप की टिप्पर गाड़ियां स्वच्छता अभियान के साथ गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ अधिक भोजन नहीं खिलाने के प्रति जागरूक संदेश देंगी। शहर के 31 वार्डों में 60 टिप्पर गाड़ियां हर वर्ष की भांति अमावस्या के दिन गोवंश को तला एवं अत्यधिक मात्रा में अनाज नहीं खिलाने एवं उनकी आकस्मिक मौत का कारण नहीं बनने के संदेश देगी और गोवंश को गुड़ व हरा चारा खिलाने का आह्वान करेगी। नप के सभी वार्डों में डोर टू डोर जाने वाली सभी टिप्पर गाड़ियों में दो मिनट 40 सेकेंड की ऑडियो रिकॉर्डिंग बजेगी, जिसमें गोवंश को कच्चा एवं तला हुआ भोजन नहीं खिलाने और ज्यादा मात्रा में अनाज नहीं खिलाने की अपील की जाती हैं।

मैंने तो एक रोटी खिलाई...

गोरक्षा दल के प्रधान संजय परमार ने बताया कि जब भी किसी को गोवंश को रोटी नहीं देने के लिए टोकते हैं तो मैंने तो एक रोटी खिलाई हैं की बात कहते हैं, उन्हें ये नहीं पता कि गली मोहल्ले में 200 घर हैं और 10 गोवंश वहां घूम रही हैं, तो हर घर से दो या चार रोटियां भी गोवंश की क्षमता से अधिक हो जाएगी। रोटी देने वाले व्यक्ति को ये थोड़े ही पता होता हैं कि आपसे पहले और आपके बाद गोवंश को कितनी रोटियां खिलाई जा चुकी या जाएंगी, जबकि एक गोवंश मात्र ढाई किलोग्राम ही अनाज पचा सकती हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे गोवंश को अमावस्या के दिन गुड़ और हरा चारा खिलाए, जिससे उसे कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि आपके पितर देव भी खुश होंगे और आप गोहत्या के पाप से भी बच सकेंगे।

9 की रात 9:35 बजे से शुरू होकर 10 की रात 9:15 बजे तक रहेगी अमावस्या

9 अक्टूबर की रात 9:35 बजे से श्राद्ध अमावस्या प्रारंभ हो जाएगी, जो 10 अक्टूबर की रात 9:15 बजे तक रहेगी। उदय तिथि अनुसार श्राद्ध अमावस्या 10 अक्टूबर को होगी और श्राद्ध निकाले जाएंगे। श्राद्ध अमावस्या को हर घर से 16-16 रोटियां या पूरी, खीर-हलवा निकाला जाता हैं और घर से निकलते ही गली-मोहल्ले में खड़ी गोवंश को दे दी जाती हैं। गली-मोहल्ले में खड़ी गोवंश को कोई रखवाला होता नहीं, इसलिए गली-मोहल्ले से एक के बाद एक व्यक्ति आकर अपने पितरों की आत्मा की शांति के चक्कर में गोवंश को रोटी पे रोटी या पूरी, खीर-हलवा (अनाज) खिलाकर चले जाते हैं। एक गोवंश की कच्चा या पक्का अनाज पचाने की क्षमता महज ढाई किलोग्राम की हैं, इससे ज्यादा खाने से गोवंश को तेजाब, गैस व अफारा आकर उसकी मौत हो जाता है।

पशुपालन विभाग की टीमें 24 घंटे रहेंगी सेवाओं को तैयार: डॉ. रविंद्र

पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविंद्र सहरावत ने बताया कि श्राद्ध अमावस्या के दौरान श्रद्धालु गौवंश को रोटी, पूरी, खीर व हलवा आदि खिलाते हैं, जिससे गोवंश को अफारा या पेट दर्द जैसी समस्या हो जाती हैं। श्राद्ध अमावस्या पर गौवंश के स्वास्थ्य संरक्षण और त्वरित ईलाज के लिए पशुपालन विभाग ने विशेष व्यवस्था की हैं। विभाग ने 10 से 12 अक्टूबर तक अधिकारियों व कर्मियों को अवकाश की अनुमति पर रोक लगा दी हैं। इस दौरान श्रीगौशाला ट्रस्ट में 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने को विशेष डॉक्टरों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इस दौरान वहीं श्रीगौशाला ट्रस्ट में अलग-अलग समय पाली अनुसार आठ टीमें गोवंश के उपचार के लिए तैयार रहेगी।



बहल। आग लगने के बाद जला सामान। फोटो : हरिभूमि

मुहूर्त से पहले ही दुकान में आग लगने से सामान जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

■ दमकल की दो गाड़ियों ने घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू

भिवानी रोड स्थित ऑटो मार्केट में बुधवार रात कार डेकोरेशन की दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि दुकान की छत भी क्षतिग्रस्त हो गई और छत के चौके टूटकर जमीन पर जा गिरे। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। सूचना मिलने के बाद दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आगजनी में दुकान मालिक को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। राज म्यूजिक एंड कार डेकोरेशन के संचालक चंद्रप्रकाश ने बताया कि वह बुधवार रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद करके घर गया था। करीब 11 बजे पड़ोसी दुकानदार ने फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी, वह तुरंत मौके पर पहुंचा तो उनकी दोनों दुकानों में आग की ऊंची लपटें उठ रही थी। उन्होंने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। चंद्रप्रकाश ने बताया कि उनकी दो दुकानें हैं, इनमें से एक में स्पेयर पार्ट्स का सामान रखा था, जबकि दूसरी को कार डेकोरेशन के लिए तैयार किया जा रहा था। दुकान में आग से लाखों रुपये का सामान जल चुका और 12 अक्टूबर को दुकान का मुहूर्त होना था। इससे पहले ही आग लगने की घटना ने उनकी तैयारियों पर पानी फेर दिया।

पुराने नपा रोड पर सीवर का पानी बहने से लोग परेशान

■ स्कूली बच्चों, स्कूल वाहनों और आम राहगीरों को करना पड़ रहा है परेशानी का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा शहर के पुराना नगरपालिका रोड पर शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने स्थित मार्ग पर सीवर व्यवस्था चरमराने से हालात बेहद खराब हो गए हैं। शहर की मुख्य मार्केट से जुड़े इस मार्ग पर सीवर का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिसके चलते स्कूली बच्चों, स्कूल वाहनों और आम राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरी में सीवर के गंदे पानी के बीच से होकर रास्ता पार करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर पानी जमा होने के कारण मार्ग की स्थिति ऐसी हो गई है कि पैदल निकलना भी मुश्किल है। स्कूली बच्चों को विशेष परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार बच्चे गंदे पानी के बीच से निकलते समय फिसलते-फिसलते बचे हैं। वहीं, स्कूल की गाड़ियों को भी इस मार्ग से गुजरते समय काफी सावधानी बरतनी पड़ रही है। शहर की मेन मार्केट होने के कारण इस रास्ते से दिनभर बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। दुकानदारों की मानें तो गंदगी के कारण ग्राहक भी इस तरफ नहीं आते जिससे दुकानदारी प्रभावित हो रही है। सीवर का पानी सड़क पर जमा रहने से दुकानदारों और आसपास के लोगों को भी परेशानी हो रही है। गंदे पानी के कारण दुर्गंध फैलने के साथ-साथ बीमारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि सीवर की समस्या को लेकर कई बार परेशानी सामने आ चुकी है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो पाया। नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर सीवर लाइन की समस्या को तुरंत दुरुस्त कराया जाए और सड़क पर जमा गंदे पानी की निकासी करवाई जाए, ताकि स्कूली बच्चों और आमजन को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन शहर की मुख्य सड़क पर बनी इस गंभीर समस्या का जल्द संज्ञान लेकर स्थायी समाधान करवाएगा।



बवानीखेड़ा। मुख्य मार्ग पर सीवर का गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

7 और 8 को लगाए गए विशेष शिविर में 1022 लंबित मामलों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ एसआईआर नोटिस एवं सुनवाई मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर फोकस

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साहिल गुप्ता ने बताया कि जिले में 7-8 अक्तूबर को लगाए गए विशेष शिविर में 1022 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं से निर्धारित तिथि पर सुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर को विशेष शिविर लगाए जाएंगे। सभी ऐसे पात्र मतदाताओं से अपील है कि जिन्होने अभी तक दस्तावेज जमा नहीं करवाएं हैं, वे इस विशेष अभियान का लाभ उठाएं तथा अपने दस्तावेज बूथ लेवल अधिकारी को जमा करवाएं ताकि सभी योग्य मतदाताओं के नाम 6 नवम्बर 2026 को प्रकाशित होने वाली अन्तिम मतदाता सूची में शामिल हो सके। उन्होंने बताया कि 7-8 अक्टूबर-जिला भिवानी में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मिले नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया है। जिलें में कुल 157622 नोटिस जनरेट किए गए हैं, जिन में से 7732 सुनवाई मामले लंबित हैं। कुल लंबित मामलों का प्रतिशत 4.91 प्रतिशत है। आयोग द्वारा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित सुनवाई मामलों के शीघ्र निस्तारण, प्रभावी मॉनिटरिंग व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि नोटिस की सुनवाई समय पर समाप्त करने के लिए 7 से 9 अक्टूबर 2026 तक ऐसे मतदान केन्द्रों पर विशेष शिविर व घर-घर सर्वे के दौरान दस्तावेज प्राप्त करेंगे, जहां पर नोटिस प्राप्त होने पर अभी तक सम्बन्धित मतदाताओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज जमा नही करवाये गए हैं।

रक्तदान करना पुण्य का कार्य : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

■ जिला जेल में लगाया गया रक्तदान शिविर

महानिदेशक कारागार अरशिंदर सिंह चावला के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला जेल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 27 यूनिट रक्तदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य दंडाधिकारी-कम-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पवन कुमार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव चरखी दादरी संजीव काजला भी उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में जेल कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के साथ-साथ श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसमें कुल 27 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में जेल अधीक्षक दिनेश यादव ने बताया कि यह पूर्ण रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर था। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है और जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में शिविर के आयोजन में सामाजिक संस्था श्री कृष्ण कृपा जियो गीता परिवार से विनोद छाबड़ा का भी विशेष योगदान रहा।

परमसंत कंवर साहेब महाराज ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

सत्संग में वही सेवा कर सकता है जो समाज में करना जानता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

यदि हम परमात्मा के नियमों से ही खिलवाड़ करते हैं तो हम भक्त काहे के हैं। परमात्मा की रजा से शिकायत कैसी। वे जानता है किसको क्या देना है। मालिक को सब की चिंता है। वो कीड़ी को कण देता है और हाथी को मन देता है। लेकिन इस रजा को वो ही समझेगा जो चिंतन करना जानेगा। जो चिंतन नहीं करता वो भक्ति नहीं कर सकता क्योंकि चिंतन वही कर सकता है जिसका विवेक जागृत होता है। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में फ़रमाये। उन्होंने कहा कि राधास्वामी मत सन्तमत का सर्वोच्च मत है क्योंकि ये जिंदा मत है। गुरु महाराज ने कहा कि मैं अपने आप को कभी गुरु नहीं मानता।

मैं तो सेवक था सेवक हूँ और सेवक ही रहूंगा क्योंकि जो आनन्द सेवा में है वो किसी और चीज में नही है। सेवक तो हर घड़ी सेवक ही है। उसमे कभी अभिमान नहींआता। सत्संग में वही सेवा कर सकता है जो समाज में और घर में सेवा करना जानता। घर में मां बाप को आंख दिखाते हो और आश्रम में आकर सेवक होने का ढोंग भरते हो तो धिक्कार है तुम



पर। अपने हाथ से सेवा करते रहो और मन में परमात्मा का नाम जपते रहो। हाथ कारवल और मन यारवल।सेवा कोई मजबूरी नही है। सेवा करो तो मन से करो। सेवा के बदले कोई अपेक्षा मत रखो।सेवक ना मुक्ति चाहता है ना भक्ति वो तो केवल सेवा चाहता है।सेवा के बिना आप दो मिनट भी भजन नही कर सकते हो। हुजूर कँवर साहेब ने कहा कि खाली मन शैतान का घर है।

सतगुरु भी परमात्मा का ही रूप

कंवर साहेब महाराज ने कहा कि मन को अपने यार में लगाए रखो और सच्चा यार केवल परमात्मा है। सतगुरु भी परमात्मा का ही रूप है। परमात्मा को ना देख सकते हो ना सुन सकते हो लेकिन गुरु को आप देख भी सकते हो और सुन भी सकते हो। आप गुरु के हो जाओ या गुरु को अपना बना लो। गुरु को राजी कर लिया तो समझो आपने परमात्मा को राजी कर लिया। गुरु अपने शिष्य की भांति भांति परीक्षा लेता है। गुरु ताता है तपाता है गुरु नख से खाल भी उतारेगा यदि शिष्य पूर्ण है तो ना व्याकुल होगा ना घबराएगा। वो हंस कर गुरु परीक्षा में खरा उतरेगा। जो गुरु की नजर में चढ़ गया वो बजर हो गया। जो गुरु की परीक्षा में पास हो गया वो हर तरह से निहाल हो गया।गुरु महाराज जी ने सेवादारो को सामाजिक पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि अध्यात्म के साथ साथ आपको समाज के लिए कार्य करना है। इतने लोग मिलकर किसी भी सामाजिक बुराई को पल भर में खत्म कर सकते हैं। यदि आप स्वयं अच्छे है तो आप दुसरो को भी अच्छा बनने की प्रेरणा दे सकते हैं। सत्संग में वही सेवा कर सकता है जो समाज में और घर में सेवा करना जानता। घर में मां बाप को आंख दिखाते हो और आश्रम में आकर सेवक होने का ढोंग भरते हो तो धिक्कार है तुम पर।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'

अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप



भगवान की बाल लीलाओं का दिव्य प्रसंग सुनाया

भिवानी। गोस्वामी लालदास मंदिर में पितृ पक्ष पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ निरंतर भक्तिभाव एवं अगाध श्रद्धा के साथ जारी है। कथा तपोभूमि परमहंस योगाश्रम की स्वामी कृष्णानन्द सरस्वती महाराज के पावन सानिध्य में हो रही हैं। कथा व्यास बालयोगिनी साध्वी विभानन्द सरस्वती ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं भगवान की बाल लीलाओं का दिव्य प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना और भक्तों के कल्याण के लिए अवतार लेते हैं।

महिलाओं को योजनाओं की जानकारी दी

भिवानी। गांव चांग में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के अंतर्गत सुपरवाइजर पूजा की अगुवाई में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं,माताओं एवं छोटे बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता तथा बाल विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर आंगनबाड़ी वर्कर सुलोचना, हेल्पर कविता, महिला सलौनी, संजू, सीमा, पूजा, दर्शना, सिलोचना आदि मौजूद रही।

डॉ. सत्यपाल को किया याद, दी श्रद्धांजलि

चरखी दादरी। एपीजे सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में एपीजे शिक्षण संस्थाओं के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सत्यपाल का जन्मदिवस संस्थापक दिवस के रूप में मनाया और होनहार विद्यार्थियों को नकद पुरस्कारों देकर पुरस्कृत किया। प्राचार्य विनीत वशिष्ठ की अगुवई में स्टाफ सदस्यों, अभिभावकों ने डॉक्टर सत्यपाल के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण किया।

विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

तोशाम। वीरवार को तोशाम के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल, तोशाम से डॉ. अरुण जांगड़ा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया तथा सभी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

महिलाओं को पोषण एवं एनीमिया की जानकारी दी

भिवानी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हनुमान ढाणी में आंगन मिलन समारोह एवं मातृ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने महिलाओं को पोषण एव एनीमिया के बारे में बताया।

मिट्टी, रोड़ी, हल्दी, रोली, आटा और फूल-पत्तों से दिखाई कला

प्राकृतिक सामग्री से रंगोली बनाकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



भिवानी। प्राकृतिक सामग्री से रंगोली बनाती छात्राएं।



भिवानी। फूल पत्तियों व पत्तों से रंगोली बनाते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हनुमान ढाणी स्थित विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृति सेवा समिति ने जिला शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा संकल्प अभियान चलाया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोलियां तैयार कर पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, प्रकृति प्रेम और स्वच्छता का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा अभियान की ब्रांड एंबेसडर आरोही भारद्वाज, अविका, परिधि, काम्या, महिमा, ईशानी, राशी सहित अनेक कला विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगोली तैयार करने में प्राकृतिक एवं स्थानीय सामग्री का प्रयोग किया। विद्यार्थियों ने बालूरेत, मिट्टी, रोड़ी, पत्थर, हल्दी, रोली, आटा व पेड़-पौधों के फूल-पत्तों का उपयोग कर विभिन्न रंगों एवं आकृतियों को साकार रूप दिया। रंगोलियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने प्रकृति के संरक्षण के साथ जल की महत्ता और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश प्रस्तुत किया। पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्र सेवा संकल्प का संदेश देने वाली रंगोलियों का अवलोकन विद्यालय निदेशक सावित्री यादव एवं प्राचार्या समी यादव ने किया। । उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही सरकार

राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के मार्गदर्शन में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं को विभिन्न माध्यमों से आमजन तक पहुंचाने के साथ समाज को जागरूक करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने पेड़-पौधों से प्राप्त फूल-पत्तियों, बालू रेत, मिट्टी और पत्थरों जैसी प्राकृतिक सामग्री से सुंदर रंगोली बनाकर स्वच्छ पर्यावरण, जल संरक्षण और प्रकृति के सौंदर्य को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा संकल्प के तहत तैयार की गई इन सामूहिक कलाकृतियों में एकता, अखंडता और सद्भावना का संदेश भी दिखाई देता है।

विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सामग्री से रंगोली बनाकर दिखाई प्रतिभा

भिवानी। भाजपा ग्रामीण मंडल ने विकसित भारत 2047 सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सेवा राष्ट्र रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान ग्रामीण मंडल के गांव नौरंगाबाद में पवन, धारेड़ू और नांगल में सुनील भारद्वाज व सुरेश नांगल, कितलाना में मास्टर रतन धायल, सांगा व बामला में अनीता, प्रोमिला ग्रेवाल तथा गांव ढाणा लाडनपुर के राजकीय वमा विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में महिला मोर्चा भाजपा भिवानी की जिला प्रभारी बबीता तंवर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील भारद्वाज उपस्थित रहे। ढाणा लाडनपुर के राजकीय वमा विद्यालय में कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। कक्षा दसवीं की कुमारी आशा, भूमिका, निधि, भावना, स्वीटी, संजू, अदीता व खुशी ने प्राकृतिक रंगों से बेहद आकर्षक और सुंदर रंगोली बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्राचार्य सतीश कुमार, प्रवक्ता नवीन, जीवनलाल, शिवकुमार, राजकुमार, पीटीआई रणवीर सिंह व मंजू बाला का विशेष योगदान रहा।

- विकसित भारत 2047 सेवा संकल्प अभियान चला करवाई रंगोली प्रतियोगिता

1500 विद्यार्थियों ने ह्यूमन रंगोली से दिया विकसित भारत का संदेश

- सेवा संकल्प अभियान के तहत केएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाई रंगोली

भिवानी। रंगों से चित्रात्मक कला प्रदर्शित की जाती है, लेकिन सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को केएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वयं में रंग भर अद्भुत जीवंत रंगोली बनाई। स्कूल के करीब 1500 विद्यार्थियों ने विकसित भारत की ह्यूमन रंगोली में अपनी कल्पनाओं के रंग भरे।

वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों ने एक अन्य रंगोली बनाई, जिसमें हरा चारा, लकड़ी का बुरादा, फूल-पत्तियां, जिले की बालू मिट्टी, रोड़ी-कंकर तथा पत्थर आदि का प्रयोग कर प्रकृति के साथ जुड़े रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तथा डीईओ निर्मल दहिया ने अध्यक्षता की। गुरुवार को केएम पब्लिक स्कूल में बच्चों ने अद्वितीय प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जनसेवा के 25 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में चले सेवा संकल्प अभियान के तहत जिलेभर में स्कूलों में रंगोली का आयोजन किया गया, जिसमें जिला मुख्यालय पर केएम पब्लिक स्कूल में ह्यूमन रंगोली का आयोजन करवाया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

- क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों के लोगों ने इन महत्वपूर्ण मांगों का समर्थन किया

बहल। बहल क्षेत्र के विकास के लिए परिवहन ढांचे को मजबूती देने के लिए बड़ी परियोजनाओं की मांग उठनी शुरू हो गई है। लोगों ने जहां बहल कस्बे को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने की मांग रखी है वही बहल को रेलवे के मानचित्र पर लाने के लिए पुरजोर कोशिश शुरू हो गई है। बहल को राजस्थान से जोड़ने वाले इन मार्गोंकी मांग से संबंधित ज्ञापन राष्ट्रपति को भेजा गया है। क्षेत्र के 50 से अधिक गांवों के लोगों ने इन महत्वपूर्ण मांगों का समर्थन किया है। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने 8 अक्तूबर को भिवानी और सीमावर्ती राजस्थान के विकास के लिए राष्ट्रपति को तीन सूत्री ज्ञापन भेजा है। इस ज्ञापन में केंद्रीय सड़क परिवहन और रेल मंत्रालय को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

ज्ञापन में लोहानी से झुंपा तक फोरलेन मार्ग बनाने की मांग रखी है जिसमें लोहानी से चलकर कैरू, ओबरा, बहल होते हुए झुंपा तक मार्ग को फोरलेन करने की है। यह मार्ग बनने से एनएच-709 सीधा एनएच-65 से जुड़ जाएगा। भारी वाहनों के निरंतर दबाव के कारण यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस पर आए दिन गंभीर सड़क हादसे होते रहते हैं।

श्रीमद्भावगत कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुन भावुक हुए श्रद्धालु

- ज्ञान यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु कथा का आनंद लेने पहुंच रहे



भिवानी। कथा में श्री कृष्ण व राधा बनी कलाकारों के हाथों को पीला करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कीर्ति नगर स्थित पंडित गोपीराम की कुई के समीप मंगेज भवन में इन दिनों संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य एवं अलौकिक आयोजन किया जा रहा है। शिव शक्ति सनातन धर्म चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित इस सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन धर्म, भक्ति और अध्यात्म की अविरल धारा बह रही है। यह ज्ञान यज्ञ 9 अक्तूबर तक निरंतर जारी रहेगा, जिसमें क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु कथा का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। आयोजन को दिव्य एवं ऐतिहासिक बनाने में सहयोगी संस्था बाबा भगतू चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) की संस्थापक ओमपती का विशेष योगदान और निरंतर सहयोग मिल रहा है। वीरवार को आयोजित कथा सत्र में नैमिषारण्य (हरदोई, उत्तर प्रदेश) से पधारे कथावाचक पंडित अजय मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की निश्छल एवं निष्काम मित्रता का अत्यंत सुंदर व भावपूर्ण वर्णन किया। इस मौके पर हरियाणाा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन शंकर धूपड़ तथा उनकी धर्मपत्नी उमा धूपड़ बतौर मुख्यअतिथि पहुंचे।

बीके स्कूल में मनाया भारतीय वायु सेवा दिवस

बवानीखेड़ा। बीके. वमावि बवानी खेड़ा में 'भारतीय वायु सेवा दिवस' मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने देश के वायु सैनिकों के प्रति अपनी पवित्र भावनाएं- देशभक्ति गीत, भाषण, नृत्य, कविता आदि के माध्यम से अर्पित की। सबसे पहले छात्रा कृतिका ने विद्यार्थियों से 'वायु सेवा दिवस' से संबंधित प्रश्न पूछे जिनका विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक उत्तर दिया। हिमांशी, ध्रुव, सांची एवं अनुष्का ने भाषण के माध्यम से अपने उद्गार व्यक्त कर वायु सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। छात्रा दीविता ने कविता नीला गगन ऊंची उड़ान, इन वीरों की है यही पहचान/ के माध्यम से भावाभिव्यक्ति की। छात्र जयेश तथा लोकेश वायु सेवा की वर्दी में दिखाई दिए।

एसडीएम ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और देखभाल करने का आह्वान किया

- पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी, सेवा संकल्प अभियान के तहत लगाए जाएंगे दस हजार पौधे: संदीप



तोशाम। तोशाम में चलाए गए पौधारोपण को देखते एसडीएम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

एसडीएम संदीप कुमार ने कहा कि तोशाम क्षेत्र में पौधरोपण कर क्षेत्र हरा-भरा होगा। पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सेवा संकल्प अभियान के तहत क्षेत्र में पौधरोपण में 10 हजार पौधे लगेंगे। जो वन विभाग की नर्सरियों में पौध तैयार हैं। वीरवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत एसडीएम की अध्यक्षता में तोशाम बाईपास पर वन विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों की भागीदारी से पौधरोपण किया गया और एक पेड़ मां के नाम का संदेश देते हुए करीब 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सउन्होंने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। संदीप कुमार ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाए गए पौधों को संरक्षित करना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने लोगों से भावी पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वच्छ भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की।

श्रीश्री 1008 ज्ञानचंद महाराज का जन्मदिन मनाया , श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद



भिवानी। श्रीश्री 1008 ज्ञानचंद महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में डोभी तालाब स्थित ज्ञानाश्रम में वीरवार को प्रेरणादायी धार्मिक कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर संपूर्ण आश्रम परिसर भक्तिमय भजनों, जयकारों और अपार श्रद्धा से सराबोर नजर आया। महाराज का जन्मदिन मनाने के लिए दूर-दराज से समस्त संगत और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भारी संख्या में आश्रम पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण समाज के प्रधान किशन कौशिक ने महाराज का सम्मान कर आशीर्वाद लिया। वहीं एडवोकेट संदीप शर्मा, बृजमोहन कौशिक, नवीन कौशिक, एडवाइजर संदीप गुप्ता, मोहन कौशिक, गिरधारीलाल, कन्हैया जैन ने ज्ञानचंद महाराज का पटका एवं अंगवस्त्र भेंट कर भावभीना स्वागत व अभिनंदन किया।

मानसिक स्वास्थ्य खुशहाल जीवन की आधारशिला: प्रो. दीप्ति धर्माणी

- सीबीएलयू में विश्व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



भिवानी। सीबीएलयू में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में चौधरी बंसी लाल नागरिक अस्पताल, भिवानी के मनोरोग विभाग एवं चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) के मनोविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय परिसर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. दीप्ति धर्माणी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य केवल किसी बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि व्यक्ति के स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन की आधारशिला है। विद्यार्थियों को अपनी भावनाओं और तनाव के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रोत्साहित करना समय की आवश्यकता है।" उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए ऐसा सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां वे बिना किसी झिझक के अपनी बात साझा कर सकें। विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता भरतवाल ने मानसिक स्वास्थ्य को व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य का अभिन्न हिस्सा बताते हुए विद्यार्थियों को अपनी मानसिक एवं भावनात्मक समस्याओं के प्रति सजग रहने और आवश्यकता पड़ने पर समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

आभा कवरेज बढ़ाने के लिए सरकारी व निजी संस्थान मिलकर करें प्रयास

- 9 लाख 79 हजार 917 आभा पहचान-पत्र बनाए जा चुके

भिवानी। राज्य मिशन निदेशक के आह्वान एवं डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने की। उन्होंने कहा कि आभा केवल पहचान-पत्र नहीं, बल्कि नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से जोडऩे का माध्यम है। इसमें निजी अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों, विभिन्न एसोसिएशनों, सरकारी विभागों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ. रघुवीर शांडिल्य ने कार्यशाला में बताया कि जिले में डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने बताया कि 06 अक्टूबर तक जिले की 12 लाख 94 हजार 461 आबादी में से 9 लाख 79 हजार 917 आभा पहचान-पत्र बनाए जा चुके हैं, जिससे आभा कवरेज 75.70 प्रतिशत हो गया है। शेष 3 लाख 14 हजार 544 नागरिकों को आभा से जोडऩे के लिए अभियान को और गति देने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि जिले में सरकारी क्षेत्र के नर्सिंग पेशेवरों का स्वास्थ्य सेवा पेशेवर रजिस्ट्री में पंजीकरण 100 प्रतिशत हो चुका है।

अधिकारी निगरानी रखें : उपायुक्त

रम्मी व पोकर क्लबों पर प्रशासन की सख्ती, नियमों का करना होगा पालन

- 18 वर्ष से कम उम्र वालों की एंट्री पर रोक

भिवानी। हरियाणा सरकार द्वारा रम्मी और पोकर को कौशल आधारित खेल के रूप में अधिसूचित किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने इन खेलों का संचालन करने वाले क्लबों एवं परिसरों के लिए निर्धारित नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में ऐसे सभी क्लबों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा सरकारी द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में डीसी ने कहा है कि रम्मी व पोकर जैसे कौशल आधारित खेलों के संचालन के लिए संबंधित संचालक को जिला मजिस्ट्रेट से पूर्व पंजीकरण अथवा लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। नियमों की अवहेलना होने पर लाइसेंस अथवा पंजीकरण को निलंबित या रद्द किया जा सकता है। क्लब में प्रवेश एवं खेलों में भागीदारी के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है तथा प्रवेश के समय आयु का सत्यापन करना होगा।

ईशिका की सफलता पूरे देश, प्रदेश और जिले के लिए गर्व की बात : अधिवक्ता दहिया

जिला बार एसोसिएशन ने एशियाड स्वर्ण पदक विजेता इशिका को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। स्वर्ण पदक विजेता ईशिका संभ्रवाल को सम्मानित करते अधिवक्ता।

एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम की तरफ से खेलते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली युवा खिलाड़ी इशिका सभ्रवाल की अभूतपूर्व उपलब्धि पर पूरा जिला गौरवान्वित है। इसी कड़ी में जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल उनके पैतृक गांव बापोड़ा पहुंचा और होनहार बेटी ईशिका का ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं तथा पारंपरिक पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस विशेष अवसर पर वकीलों ने इशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनकी सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम के दौरान जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता चरणसिंह दहिया व अधिवक्ता दीपेश सारसर ने कहा कि इशिका सभ्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर भारत का परचम लहराकर भिवानी जिले और हरियाणा प्रदेश का नाम दुनियाभर में रोशन किया है। इशिका की ऐतिहासिक उपलब्धि ग्रामीण आंचल की उन तमाम बेटियों के लिए महान प्रेरणा है, जो खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती हैं। कड़ी मेहनत, अनुशासन व दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है, जो इशिका ने साबित कर दिखाया है(

इंडियन एशियन हॉकी स्वर्ण पदक विजेता पुरातन छात्रा इशिका को किया सम्मानित



भिवानी। हलवासिया विद्या विहार वमावि, भिवानी की पुरातन छात्रा एवं प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी इशिका के इंडियन एशियन हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक अर्जित करने पर विद्यालय परिसर में उनका भव्य एवं भावपूर्ण अभिनंदन किया गया। विद्यालय प्रशासक डॉ.शमशेर सिंह अहलावत की ओर से इशिका को सम्मान गौरव पत्र, स्मृति चिह्न, विद्यालय की स्नेह रूपी भेंट एवं 51,000 रुपये की नकद राशि का चेक प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर इशिका के साथ उनके पिता पूर्व डी.एस.ओ.एवं प्रतिष्ठित कोच वीरेंद्र कुमार उपस्थित रहे। विद्यालय पहुँचने पर इशिका का बैंड-बाजे, पुष्पमालाओं एवं करतल ध्वनि के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर इंडियन ए शियन हॉकी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम की वीडियो क्लिप भी प्रोजेक्टर पर प्रदर्शित की गई। विद्यालय प्रशासक डॉ. शमशेर सिंह अहलावत की ओर से इशिका को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

खबर संक्षेप



पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने बांटे पौधे

भिवानी। हुडा पार्क के सामने विकसित भारत संकल्प समारोह में भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति ने पर्यावरण के प्रति जन-जागृति पैदा करने के उद्देश्य से विशेष प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी के माध्यम से समिति ने पर्यावरण संरक्षण और जीव-दया का अनोखा संदेश देते हुए आमजन को पौधें, ट्री गार्ड, पक्षियों के लिए घोंसले, दाना-पानी के टीन, गायों के लिए गो-ग्रास टीन एवं खोर आदि निःशुल्क वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान समिति के संयोजक केके वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पर्यावरण सुरक्षा का महत्वपूर्ण संदेश दिया। वर्मा ने कहा कि प्रदर्शनी में वितरित किए जा रहे सभी उपकरण वेस्ट टू वेल्थ और कबाड़ से जुगाड़ की अवधारणा के अंतर्गत तैयार किए गए। हमारी आने वाली संतति को हर प्रकार की प्रगति का लाभ तभी प्राप्त हो सकेगा, जब हम विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देंगे।

ब्राह्मण समाज ने यूजीसी एक्ट का किया विरोध

भिवानी। भगवान परशुराम मंदिर में रिटायर्ड बीडीपीओ राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में यूजीसी के विरोध में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में सर्वसमाज द्वारा 12 अक्टूबर को विरोध प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर इस कानून को वापस करने के कार्यक्रम में भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक को संबोधित करते हुए राजकुमार शर्मा ने कहा कि इस कानून से देश में आपसी भाईचारा प्रभावित होगा, जो उचित नहीं है। सभा में आर्थिक आधार पर आरक्षण व यूजीसी एक्ट में समीक्षा की मांग भी की। बैठक में मास्टर रामकिशन, प्रिंसिपल सिलकराम, डॉ. सतबीर, प्रोफेसर जगदीप, व्यापार मंडल प्रधान भानुप्रकाश, तारकेश्वर कौशिक, राजेश शर्मा, पूर्व पार्षद राजेंद्र, प्रबोध अत्रि, रामबिलास तिगडाना, कुलदीप हाड़ोदिया, सोनू अत्रि बजीनिया, श्यामलाल शास्त्री, भवानी शंकर पटवारी आदि मौजूद रहे।

एसआईआर रद्द करने, हटाए गए मतदाताओं के नाम दोबारा जोड़ने और बिहार, बंगाल व असम में पुनः चुनाव कराने की उठी मांग

13 करोड़ से अधिक वोटरों के नाम काटने का आरोप

ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए सड़कों पर उतरी कांग्रेस

- इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वीरवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने वीरवार को जिला उपायुक्त कार्यालय भिवानी के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका।

कांग्रेस पार्टी, सीपीआईएम और सीपीआई के कार्यकर्ता पुराने बस स्टैंड से जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए एसआईआर प्रक्रिया को रद्द करने तथा कथित रूप से हटाए गए मतदाताओं के नाम पुनः मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष अनुरुद्ध चौधरी, शहरी प्रधान प्रदीप गुलिया , सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश तथा सीपीआई जिला सचिव फूल सिंह इन्दौरा ने की। इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस की ओर से प्रदर्शन के भिवानी प्रभारी आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि विपक्षी दलों का आरोप है कि एसआईआर के माध्यम से देशभर में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि करीब 13 करोड़ 30 लाख वोट प्रभावित हुए हैं तथा बिहार, असम और पश्चिम बंगाल में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मताधिकार को प्रभावित करने वाली प्रक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।





भिवानी। मुख्य चुनाव आयुक्त का प्रतिकात्मक पुतला दहन करते हुए व शहर में जुलूस निकालते कांग्रेसी नेता। *फोटो: हरिभूमि*

पुलिस ने ज्यादती की

कांग्रेस ग्रामीण प्रधान अनिरुद्ध चौधरी, शहरी प्रधान प्रदीप गुलिया, सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड ओम प्रकाश व सीपीआई जिला सचिव फूल सिंह इन्दोरा ने कहा कि फॉर्म-6 के साथ अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग तथा मतदाता सूची में नाम बनाए रखने की प्रक्रिया को लेकर जनता में भारी परेशानी और असंतोष है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि एसआईआर के दौरान हटाए गए सभी पात्र मतदाताओं के नाम पारदर्शी प्रक्रिया के तहत दोबारा जोड़े जाएं। गठबंधन के नेताओं ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गांधी के साथ पुलिस ने जो ज्यादती की है तथा 300 सांसदों को अवैध हिरासत में रखा है ।

भाजपा अपना रही तानाशाही रवैया : फौजी

भिवानी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे व जंतर मंतर पर जा रहे लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस में शहर में जुलूस निकाला। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी ने कहा कि लोकसभा विपक्ष नेता राहुल गांधी व अन्य कांग्रेस के नेता शांतिपूर्वक तरीके से जंतर मंतर की तरफ बढ रहे थे। उनको रास्ते में ही रोक दिया ओर पुलिस हिरासत में लेने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने इस तरह का व्यवहार करके लोकतंत्र का गला घोटा है। उन्होंने कहा कि नेता राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का वोट चोरी मामले में इस्तीफा मांग रहे थे,लेकिन भाजपा को यह रास नहीं आ रहा है। भाजपा दमनकारी नीतियां अपनाकर कांग्रेस के आंदोलन को तोड़ना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब तक उनको न्याय नहीं मिल जाता। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर किरण प्रधान, राजेश बडेसरा, डॉ. नरेंद्र, राजेश सांगवान, कृष्ण रोहिला, पवन ढूल, डॉ. प्रवीन सरोहा, डॉ. गजेंद्र, मास्टर बलजीत, टेक चंद शर्मा, राजू खरक, देवेंद्र ढूल, अनिल बड़सी, मड्डू गुर्जर, ओमबीर, लक्ष्मी फौजी, ग्रेनट पुर उपस्थित थे।



चरखी दादरी। मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला व काला कपड़ा लेकर प्रदर्शन करते इंडिया गठबंधन के सदस्य।

51 मीटर लंबे काले कपड़े के साथ किया प्रदर्शन

- 'वोट बचाओ देश बचाओ' के नारे के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

इंडिया गठबंधन की ओर से गुरुवार को चरखी दादरी शहर में वोट के अधिकार और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया व केंद्र सरकार व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। प्रदर्शन की शुरुआत हाथी पार्क से हुई, जो आंबेडकर चौक तक पहुंचा। एतिहात तौर पर पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 51 मीटर लंबे काले कपड़े के साथ प्रदर्शन कर 'वोट बचाओ, देश बचाओ' के नारे लगाए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन में एआईसीसी जिला ऑब्जर्वर एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश गुप्ता बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील धानक सहित इंडिया गठबंधन के घटक दल सीपीआई(एम) से रणधीर कुंगड़, राजकुमार घिकाड़ा, ओमवीर कालेर, धर्मेंद्र सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सुरेश गुप्ता ने कहा कि वोट जनता का संवैधानिक अधिकार है।

जवाब दे सरकार

सुरेश गुप्ता ने आरोप लगाया कि मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के मुद्दे ने चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जनता के मताधिकार से जुड़े हर सवाल का जवाब चुनाव आयोग और सरकार को स्पष्ट रूप से देना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया है, किसी पात्र नागरिक का वोट प्रभावित होता है तो ये केवल उस व्यक्ति का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था से जुड़ा गंभीर विषय है। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और मतदाताओं के अधिकारों की सुरक्षा लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि मतदाता सूची और वोट के अधिकार से संबंधित उठ रहे सवालों पर जनता के समक्ष स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग

- विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम के माध्यम से मंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ की खंड इकाई द्वारा अनुसूचित जाति के अध्यापकों और कर्मचारियों की मांगों को लेकर एसडीएम मनोज दलाल के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया है। सौंपे गए ज्ञापन में संघ ने पदोन्नति में आरक्षण, लंबित बैकलॉग पूरा करने और अन्य मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई है। इससे पहले शहर के लाल बहादुर शास्त्री पार्क में कर्मचारियों की बैठक हुई और विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में राजकीय विद्यालयों में रिक्त अध्यापकों के पद भरने और एसीपी सहित लंबित मांगों का समाधान करने की मांग उठाई गई । पुरानी पेंशन योजना बहाल करने और एचकेआरएन की भर्तियों में अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आरक्षण देने की मांग रखी गई। संघ के पदाधिकारी ने कहा कि कई मांगे लंबे समय से लंबित हैं, सरकार को इनका जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए। इस मौके पर जिला प्रधान संत कुमार, खंड प्रधान रमेश कुमार, पूर्व प्राचार्य जयप्रकाश रंगा,दलवीर जी,सुनील कुमार सोमवीर शास्त्री, सुनील परिहार,परमानंद सुरेंद्र,रमेश रंग,रामफल, अजीत,राजीव,संपत, विजय गुरावा,भरथ राम बॉक्सर आदि मौजूद रहे।



लोहारू। मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे लोग नारेबाजी करते हुए।

400 मीटर दौड़ में छात्रा एकता ने मारी बाजी

- चौ. बंसीलाल कॉलेज में 38वीं एथलेटिक्स मीट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭लोहारू

राजकीय महिला महाविद्यालय के पूर्व प्रचार्य डॉ उमेश मोहन ने कहा कि वर्तमान युवा खेलों में भी बेहतर करियर बना सकते हैं। कॉलेज स्तर पर आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर खिलाड़ी भविष्य में बड़ी प्रतियोगिताओं में आगे बढ सकता है। खेलों के दम पर देश के खिलाडिय़ों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। वे गुरूवार को स्थानीय चौ बंसीलाल कॉलेज में आयोजित 38वीं एथलीट मीट कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ कर रहे थे। इस दौरान प्राचार्य डॉ. दलजीत सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट कर व बैज लगाकर सम्मान किया। सचिव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर देवेन ने मुख्य अतिथि को कैप पहनाकर उनका अभिनंदन किया। समारोह की शुरुआत में मार्च पास्ट से गई। मुख्य अतिथि डॉ. उमेश मोहन ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन, जुझारूपन और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने के संस्कार गढ़ते हैं।



लोहारू। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए।

ये रहे परिणाम

प्रथम दिन के खेलों में 200 मीटर दौड़ में बीए तृतीय वर्ष की बबीन ने प्रथम, लोकेश ने द्वितीय और ललित ने तीसरा स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में बबीन ने प्रथम, अमित ने द्वितीय, चिराग ने तीसरा स्थान, छात्राओं की 400 मीटर दौड़ में छात्रा एकता ने प्रथम, मैना ने द्वितीय और मोनिका ने तीसरा स्थान, शॉट पुट में हिमांशु ने प्रथम, सोनिका ने द्वितीय और दिव्या ने तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में डॉ. सुखवीर सिंह, डॉ. मुकेश कुमार और डॉ. उमेद कुमार, डॉ. राहुल, डॉ. अंकित, डॉ. रहमान खान, राजेंद्र सिंह, डॉ. राजबाला, सुश्री सरिता व दिनेश दीपक, तरुण व डॉ. पूनम, दीपक आदि ने योगदान दिया।

बाजरा खरीद में शर्तें लागू करने पर बढ़ी तकरार किसान व प्रशासन आमने सामने

बाढड़ा। उपमंडल की अनाज मंडी में आठवें दिन भी बाजरा खरीद में शर्तें लागू करने को लेकर किसान व प्रशासन आमने सामने खड़े रहे। किसान जहां सरकारी खरीद करने या निजी खरीद में किसान से लेबर, बारदाना व मंडी शुल्क वसूल न करने की मांग करते रहे वहीं आढ़ती इन नियमों को लागू करने की बात पर अड़े रहे जिसके बाद हेफेड एजेंसी ने बाजरे का सेंपल लेकर निजी खरीद शुरू करवा दी। कस्बे के जुई रोड़ स्थित अनाज मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद न होने पर भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष राजकुमार हड़ौदी, किसान सभा अध्यक्ष मास्टर रघबीर काकडोली, पंचायत समिति पूर्व चेयरमैन कृष्ण काकड़ौली, राजेश भांडवा, नवीन डांडमा, नवीन मोटू काकडोली, नवीन कारी मोद, एडवोकेट राजेश गोपी, सोमबीर हंसावास, आनंद वालिया, संजीव काकडोली आदि ने रोष जताया।

युवा कल्याण संगठन ने एशियन गेम्स की पदक विजेता प्रिया को किया सम्मानित

- सरकार भिवानी में खेल यूनिवर्सिटी व पदक विजेता खिलाड़ियों के गांवों में बनाए स्टेडियम : कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान ने एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता बॉक्सर प्रिया घणघस को उनके घर जाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रिया व उनके पिता महेन्द्र घणघस को बधाई दी। कमल सिंह प्रधान ने कहा कि प्रिया ने पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर व अब एशियन गेम्स में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। प्रिया ने एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर बेटियों का गौरव बढ़ाया और मिनी क्यूबा का मान बरकरार रखा है।कमल सिंह ने कहा कि देश में हरियाणा व हरियाणा में भिवानी के खिलाड़ी हर बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा मेडल लाते हैं और देश का नाम रोशन करते हैं, ऐसे में जरूरी है कि सरकार भी सही समय व जगह पर खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम करें, न कि हरियाणा को छोड़कर खेल का सारा बजट गुजरात में खर्च करें। कमल प्रधान ने सरकार से मांग की कि बीना देरी के भिवानी में खेल यूनिवर्सिटी बनाई जानी चाहिए।

इसके साथ ही विजेता खिलाड़ियों के गांवों में अत्याधुनिक स्टेडियम बनाए और जिन गांवों में स्टेडियम खंडहर हैं, उनका सुधारीकरण एवं कोच व खेल समान की व्यवस्था होनी चाहिए। कमल प्रधान ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए पार्टी व वोट बैंक की राजनीति से उपर उठना होगा, तभी खेल प्रतिभाएं निखरकर आएंगी।



भिवानी। बॉक्सर प्रिया घणघस को सम्मानित करते युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

सीआरपीएफ जवान का राजकीय सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार



तोशाम। ढाणी किरावड़ निवासी 38 वर्षीय सीआरपीफ जवान की माउंटआबू में ड्यूटी से क्वाटर पर आते समय सड़क हादसे में मौत हो गई। वीरवार को राजकीय सम्मान के साथ गांव में अंतिम संस्कार किया गया। बुधवार को ढाणी किरावड निवासी सिपाही विकास कुमार माउंटआबू में कार्यरत था। वह बुधवार को अपनी ड्यूटी से क्वाटर पर जा रहा था। रास्ते में विकास की मोटरसाइकिल को जीप ने टक्कर मारी। जिसके कारण उसको गंभीर चोटें आई। चोट लगने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। विकास परिवार के साथ माउंटआबू में रहता था। विकास 2011 में सीआरपीएफ में भर्ती हुआ था। विकास अपने पीछे 2 लड़की व एक लड़का छोड़ गए हैं। वीरवार को उनका शव गांव में पहुंचा। डिप्टी कमांडेंट सत्यनारायण, निरीक्षक मनोज कुमार, हरीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक संजय कुमार, सिपाही विक्रम देसाई, सिपाही प्रदीप कुमार, सिपाही उमेश, महेश कुमार, संदीप, सिपाही सरोज ने सलामी दी। इस मौके पर मोहित चौधरी, जोगेंद्र बागनवाला, कृष्ण बजीना, सुरेश सरपंच किरावड, सुनील सुरा आदि ने परिवार को ढांढस बंधाकर श्रद्धांजलि दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें, निर्माण से पहले अनुमति लेना जरूरी: जिला नगर योजनाकार

बवानी खेड़ा में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई, कच्चे रास्ते, पानी की पाइप लाइन व डिमार्केशन तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

शहरी क्षेत्र बवानी खेड़ा में अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया गया।

यह कार्रवाई जिला नगर योजनाकार जयदीप खरब के नेतृत्व में थाना प्रबंधक बवानी खेड़ा के सहयोग से सफलतापूर्वक अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान जिला भिवानी के शहरी क्षेत्र बवानी खेड़ा के मौजा बलियाली में बवानी खेड़ा-बलियाली रोड के पास विकसित की जा रही लगभग चार एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी में बनाए गए कच्चे रास्ते, पानी की पाइप लाइन तथा प्लॉटों की डिमार्केशन को तोड़ा गया। इस दौरान कुछ लोगों ने विरोध किया,लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के चलते उनका विरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। बाद में डीटीपी विभाग का बुलडोजर चलता रहा और अवैध कॉलोनी में खड़े किए गए अवैध निर्माणों को गिरा दिया। विभाग की टीम ने आगे किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं करने की हिदायत दी।



अवैध कॉलोनी में जेसीबी से निर्माण गिराते हुए।

प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में न आएं

इस दौरान जिला नगर योजनाकार जयदीप खरब ने लोगों को अवैध कॉलोनियों के संबंध में जागरूक करते हुए कहा कि आमजन प्रॉपर्टी डीलरों के बहकावे में आकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें। उन्होंने कहा कि प्लॉट खरीदने से पहले संबंधित कॉलोनी की वैधता तथा विभागीय स्वीकृति की पूरी जानकारी अवश्य लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। यहां यह बताते चले कि शहर के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में भी अनेक जगहों पर अवैध कॉलोनियां काटी हुई है। अवैध कॉलोनी काटने वाले लोगों को बहला फुसलाकर लोगों को फांस लेते है।

संस्थागत प्रसूति और एनसीडी जांच पर रहा विशेष जोर

बाढड़ा। अंबुजा फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव हुई स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थागत प्रसूति, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की जांच तथा निःशुल्क दवाइयों के वितरण पर विशेष जोर दिया गया। अंबुजा फाउंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (हेल्थ) निर्देश कुमार के विशेष निमंत्रण पर नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम बाढड़ा के एबीएफ मनी प्रकाश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए अंबुजा फाउंडेशन की पहल की सराहना की।